CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 6:00 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 7:08 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 16 अंक 200 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. शनिवार, 1 फरवरी 2025

रक्त ब्रम्हांड में सामंथा का दिखेगा...पेज-3 पर

बचत और निवेश बढ़ाने का मौका

बजट 2025-26

# मध्यम वर्ग को बड़ा तोहफा

**80** प्रतिशत माने जाने वाले 15 करोड़ परिवारों को मिलेगा पीने योग्य नल के पानी के कनेक्शन

**02** सौ डेकेयर सेंटर स्थापित, पीएम-जेएवाई के तहत स्वास्थ्य सुविधाएं भी मिलेंगी



## 12.75 लाख की कर योग्य आय पर कोई टैक्स नहीं

नई दिल्ली

एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दे दी है। अब 12 लाख रुपये तक की आमदनी आयकर के दायरे से बाहर होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दे दी है। अब 12 लाख रुपये तक की आमदनी आयकर के दायरे से बाहर होगी। वित्त मंत्री ने प्रत्यक्ष कर पर बजट में कहा कि नए आयकर विधेयक में न्याय की भावना को प्रमुखता दी जाएगी।

वित्त मंत्री ने कहा कि 12 लाख रुपये तक की आमदनी पर अब कोई आयकर नहीं लगेगा। इसमें जब स्टैंडर्ड डिडक्शन भी जोड़ देंगे तो वेतनभोगी लोगों के लिए 12.75 लाख रुपये की करयोग्य आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। वित्त मंत्री ने कहा है कि इस फैसले से मध्यम वर्ग पर करों को काफी हद तक कम करने में मदद

**राहत**

- अधिक पैसा छोड़ने, घरेलू खपत, बचत और निवेश बढ़ाने का मौका होगा
- अपडेटेड रिटर्न दाखिल करने की सीमा को दो साल से बढ़ाकर चार साल कर दिया

मिलेगी। उनके पास अधिक पैसा छोड़ने, घरेलू खपत, बचत और निवेश बढ़ाने का मौका होगा। वित्त मंत्री ने एलान किया है सभी करदाताओं को लाभ पहुंचाने के लिए आयकर स्लैब और दरों में बदलाव किया जा रहा है। वित्त मंत्री ने कहा है कि नई कर व्यवस्था के तहत 12 लाख की आय तक शून्य आयकर लगेगा। मध्यम वर्ग पर सरकार ने विशेष ध्यान दिया है और व्यक्तिगत आयकर प्रणाली में सुधार किया है।

उन्होंने कहा कि टीडीएस की सीमा में बदलाव किए जाएंगे ताकि इसमें एकरूपता लाई जा सके। वरिष्ठ नागरिकों के लिए टीडीएस में छूट की सीमा को 50 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपये किया जाएगा। किराए से होने वाली आमदनी पर टीडीएस में छूट की सीमा को बढ़ाकर छह लाख रुपये किया जाएगा। वित्त मंत्री के अनुसार, नॉन-पैन मामलों में उच्च टीडीएस के प्रावधान लागू रहेंगे। अपडेटेड रिटर्न दाखिल करने की सीमा को दो साल से बढ़ाकर चार साल कर दिया है। वित्त मंत्री के बजट 2024 के अनुसार पहले किसी करदाता की सालाना आय 7 लाख 75 हजार रुपये तो स्टैंडर्ड डिडक्शन के 75,000 रुपये घटाने के बाद उसकी आमदनी 7 लाख रुपये सालाना हो जाती थी। ऐसे में उसे कोई टैक्स नहीं देना पड़ता था। इसका मतलब है अगर किसी व्यक्ति का मासिक वेतन 64000 या 64500 रुपये के आसपास थी तो नई कर प्रणाली के तहत उसकी आमदनी टैक्स फ्री थी।

### टीडीएस-टीसीएस का सरलीकरण

*टीडीएस की सीमा में बदलाव किए जाएंगे ताकि इसमें एकरूपता लाई जा सके। वरिष्ठ नागरिकों के लिए टीडीएस में छूट की सीमा को 50 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपये किया जाएगा। किराए से होने वाली आमदनी पर टीडीएस में छूट की सीमा को बढ़ाकर छह लाख रुपये किया जाएगा। नॉन-पैन मामलों में उच्च टीडीएस के प्रावधान लागू रहेंगे। अपडेटेड रिटर्न दाखिल करने की सीमा को दो साल से बढ़ाकर चार साल किया जा रहा है।*

### 36 जीवनरक्षक दवाओं को बेसिक कस्टम ड्यूटी से पूरी छूट

*36 जीवनरक्षक दवाओं को बेसिक कस्टम ड्यूटी से पूरी छूट देने का एलान किया गया है। 6 जीवनरक्षक दवाएं को 5 प्रतिशत अट्रैक्टिव कंसेशनल कस्टम ड्यूटी की लिस्ट में शामिल किया गया है। साथ ही 37 अन्य दवाओं और 13 मरीज सहायता कार्यक्रमों को भी बेसिक कस्टम ड्यूटी से पूरी तरह से बाहर रखा गया है।*

### महत्वपूर्ण खनिज के लिए एलान

*वित्त मंत्री ने कहा कि महत्वपूर्ण खनिजों में पिछले बजट में छूट दी गई थी, जो देश में उपलब्ध नहीं हैं। अब कोबाल्ट पाउडर और लीथियम आयन बैटरी, पारा, जिंक आदि अहम खनिजों को अपशिष्ट पर पूरी छूट का एलान करती हूं। इससे देश में विनिर्माण को फायदा होगा।*

**वरिष्ठ नागरिकों में टीडीएस में छूट**

**प्रत्यक्ष कर, नए आयकर विधेयक में न्याय की भावना को प्रमुखता दी जाएगी।**

## देशवासियों को महंगाई से मिली बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** बजट 2025 पेश होने से ठीक पहले देशवासियों को महंगाई से बड़ी राहत मिली है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के आंकड़ों के अनुसार, लगातार दूसरे महीने कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में कटौती की गई है। हालांकि घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में मार्च 2024 से कोई बदलाव नहीं हुआ है। राजधानी दिल्ली में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 7 रुपए की कटौती के बाद अब दाम 1,797 रुपए हो गए हैं। कोलकाता में 4 रुपए की मामूली कमी के बाद कीमत 1,907 रुपए हो गई है। मुंबई और चेन्नई में भी कमर्शियल सिलेंडर के दाम क्रमश: 1749.50 रुपए और 1959.50 रुपए हो गए हैं। पिछले दो महीनों के दौरान दिल्ली और मुंबई में कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम 21.5 रुपए तक सस्ते हुए हैं। कोलकाता में यह कमी 20 रुपए जबकि चेन्नई में 21 रुपए रही है।हालांकि घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में लगातार 11वें महीने कोई बदलाव नहीं हुआ है। मार्च 2024 में आखिरी बार घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में संशोधन किया गया।बजट से पहले मिली इस राहत ने आम उपभोक्ताओं को थोड़ी राहत जरूर दी है।

## जल जीवन मिशन योजना की अवधि को 2028 तक बढ़ाया गया

नई दिल्ली

एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करने के दौरान जल जीवन मिशन योजना की अवधि बढ़ाने का एलान किया। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन को बजट के साथ ही 2028 तक बढ़ाया गया है। हम हर घर तक नल से जल पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करने के दौरान जल जीवन मिशन योजना की अवधि बढ़ाने का एलान किया। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन को बजट के साथ ही 2028 तक बढ़ाया गया है। हम हर घर तक नल से जल पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

संसद में बजट पेश करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत भारत की ग्रामीण आबादी के 80 प्रतिशत माने जाने वाले 15 करोड़ परिवारों को पीने योग्य नल के पानी के कनेक्शन दिया गया है।

## सभी जिला अस्पतालों में स्थापित होंगे डेकेयर सेंटर

**नई दिल्ली।** 2025-26 के लिए अपना आठवां बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि, केंद्र सरकार अगले तीन सालों में सभी जिला अस्पतालों में डेकेयर कैंसर सेंटर स्थापित करने की सुविधा प्रदान करेगी और इनमें से 200 केंद्र 2025-26 में स्थापित किए जाएंगे। सीतारमण ने कहा कि गिग वर्कर्स को पीएम जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) के तहत स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने कहा कि सरकार अगले तीन सालों में सभी जिला अस्पतालों में डेकेयर कैंसर सेंटर स्थापित करने की सुविधा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा, 2025-26 में ही 200 सेंटर स्थापित किए जाएंगे। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए प्रयोग की जाने वाली 36 जीवन रक्षक दवाओं पर लगने वाले बुनियादी सीमा शुल्क को पूरी तरह से हटाने का प्रस्ताव किया है।

## शारदा कॉरिडोर के कार्यों में तेजी लाई जाए: मुख्यमंत्री धामी

देहरादून

हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली स्थित उत्तराखण्ड सदन से शारदा कॉरिडोर परियोजना संबंध में बैठक लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि शारदा कॉरिडोर के कार्यों में तेजी लाई जाए। इस परियोजना के लिए जल्द ही भूमि का ज्वाइंट सर्वे किया जाए।

शारदा कॉरिडोर क्षेत्र में भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र की स्टडी कर उनके सुरक्षात्मक उपायों पर कार्य किए जाएं। इस परियोजना के तहत धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शारदा नदी के किनारे रिवर फ्रंट का विकास किया जायेगा। जिसमें नदी किनारे घाटों का सौन्दर्यीकरण, पर्यटकों



और श्रद्धालुओं के अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शारदा कोरिडोर के तहत बुनियादी ढ़ांचे, पर्यटन और लोगों की आर्थिकी को बढ़ावा देने से संबधित अनेक कार्य किये जायेंगे। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## सिलिंडर भरे ट्रक में भीषण आग, दो मकान और कई वाहन स्वाहा

गाजियाबाद

एजेंसी

गाजियाबाद के थाना टीला मोड़ इलाके में स्थित भोपुरा के पास दिल्ली मोहननगर रोड पर पेट्रोल पंप के पास खड़े एलपीजी गैस सिलिंडर से भरे ट्रक में शनिवार सुबह करीब 4:30 बजे गैस लीकेज की वजह से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के साहिबाबाद में पेट्रोल पंप के पास खड़े एलपीजी गैस सिलिंडर से भरे ट्रक में भीषण आग लग गई। ट्रक में बड़ी संख्या में भरे गैस सिलिंडर थे। देखते ही देखते धमाकों के साथ भीषण आग लग गई। गैस सिलिंडर में एक के बाद एक हुए धमाकों से पूरा इलाका दहल गया। ट्रक में हुए गैस सिलिंडर में धमाकों के बाद मौके से कई सौ मीटर दूर डिफेंस



कॉलोनी में फटे हुए सिलिंडर के टुकड़े मिले हैं। जिससे लोग बाल-बाल बच गए। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। आग की चपेट में दो घर और कई वाहन आ गए हैं।

जानकारी के अनुसार, गाजियाबाद के थाना टीला मोड़ इलाके में स्थित भोपुरा के पास दिल्ली मोहननगर रोड पर पेट्रोल पंप के पास खड़े एलपीजी गैस सिलिंडर से भरे ट्रक में शनिवार सुबह करीब 4:30 बजे गैस लीकेज की वजह से आग लग गई। आग लगते ही ट्रक चालक मौके से भाग गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर अग्निशमन व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक सिलिंडरों में लगी आग, आधा दर्जन से ज्यादा वाहनों, दो मकान और तीन-चार दुकानों में आग फैला चुकी थी।

भोपुरा तिराहा इलाके में शनिवार सुबह हड़कंप मच गया जब पेट्रोल पंप के पास खड़े गैस सिलिंडर से भरे ट्रक में आग लग गई। कुछ ही पलों में आग इतनी विकराल हो गई कि जलते हुए सिलिंडर आसपास की दुकानों, मकानों और उनके पास खड़े वाहनों पर जाकर गिरने लगे। स्थानीय लोगों ने देखा तो चीख-पुकार और अफरा तफरी मच गई। आसपास के लोग घरों से भागने लगे, गैस सिलिंडर में एक के बाद एक हुए धमाकों से पूरा इलाका दहल उठा। सूचना मिलते ही सीएफओ राहुल पाल टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। आग बुझाने में करीब डेढ़ घंटे का समय लगा।

# डीएम वंदाना ने की समीक्षा बैठक आयोजित

नैनीताल
हमारे संवाददाता



जिलाधिकारी वंदना सिंह ने पिछले एक वर्ष में विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण और जन सुनवाई के दौरान दिए गए निर्देशों तथा प्राप्त शिकायतों की जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के साथ शुक्रवार को विकास भवन भीमताल में समीक्षा बैठक आयोजित की।

बैठक में लगभग 50 ऐसे ग्रामों के निवर्तमान प्रधान एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे जिनका जिलाधिकारी वंदना सिंह ने स्वयं भ्रमण किया था।

बता दें कि जनसुनवाई व भ्रमण कार्यक्रमों में जिलाधिकारी को 1503 शिकायत प्राप्त हुई जिसमें से 694 का निस्तारण जबकि 809 शिकायत प्रकरणों पर बजट आदि आवंटन की कार्यवाही गतिमान है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिलाधिकारी वंदना सिंह ने विभागों को अभी तक भेजी गई शिकायतों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने शिकायतों का निस्तारण तथा लंबित शिकायतों और गतिमान कार्यों में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को लंबित शिकायतों का जल्द निस्तारण करने और सूचना देने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों से जनसमस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए।

बैठक में विभिन्न ग्रामों से आए जनप्रतिनिधियों ने अपनी समस्याएं रखी और विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों के विषय में जिलाधिकारी को फ़ीडबैक भी दिया । जिन स्थानों पर जिलाधिकारी के निर्देश के बाद विभाग द्वारा कार्य कर दिया गया है उनके संबंध में भी अवगत करवाया तथा नए कार्यों और समस्याओं को भी बैठक में रखा। बैठक में सीडीओ अशोक पांडेय,डीडीओ गोपाल गिरी, एपीडी चंद्रा फर्त्याल और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



## संयुक्त मजिस्ट्रेट ने किया भूस्खलन प्रभावित बलियानाला क्षेत्र का निरीक्षण

नैनीताल
हमारे संवाददाता

संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल ने शुक्रवार को भूस्खलन प्रभावित बलियानाला क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था को समय पर काम पूरा करने को कहा। कहा कि निर्माण कार्य में लगी मशीनों की संख्या और मैन पावर भी बढ़ाया जाए।

संयुक्त मजिस्ट्रेट ने बताया कि कार्यदायी संस्था से शनिवार (आज) से तीन से चार पोकलैंड मशीनों से काम करने को कहा है। बताते चलें कि गुरुवार को जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बलियानाला क्षेत्र का निरीक्षण किया था। इस दौरान जिलाधिकारी वंदना सिंह को काम में लापरवाही होती मिली जिसके बाद जिलाधिकारी ने क्षेत्र के काम को गंभीरता से लेते हुए संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल को नियमित रूप से क्षेत्र का निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे जिसके तहत संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल ने शुक्रवार को बलियानाला क्षेत्र का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता अच्छी होने, कार्यदायी संस्था और ठेकेदार को क्षेत्र में काम के दौरान मशीनों की संख्या बढ़ाने के आदेश दिए हैं ताकि मानसून से पहले अधिकांश काम पूरा किया जा सके।

## नियमितीकरण को 210वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

नैनीताल
हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को लेकर चलाया जा रहा राज्य में अनूठा पौधारोपण आंदोलन शुक्रवार को 210वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुररानी ने शुक्रवार को निगम मुख्यालय नैनीताल में कुमाऊं मंडल विकास निगम से शुक्रवार को सेवानिवृत हो रहे शेर सिंह राणा के नेतृत्व में पौधारोपण किया। शेर सिंह राणा महासंघ के पदाधिकारी भी रहे हैं, उन्होंने कहा कि वह सेवानिवृत्ति के बाद भी महासंघ से जुड़े रहेंगे व पौधारोपण आंदोलन में सहयोग करते रहेंगे। पौधारोपण कार्यक्रम में सेवानिवृत्ति कार्मिक अधिकारी व महासंघ के पूर्व महामंत्री गोविंद मेहता ने भी पौधारोपण आंदोलन से जुड़ते हुए पौधारोपण आंदोलन को सहयोग दिया। इसी क्रम में महासंघ के पूर्व महामंत्री व प्रबंधक गुमान सिंह कुमटिया ने भी कहा कि वह पौधारोपण आंदोलन का पूर्ण समर्थन करते हुए सरकार से मांग करते हैं कि नियमितीकरण की कार्रवाई शीघ्र की जाए । इस अवसर पर नरेंद्र थापा, नरेंद्र सिंह, मंजुल प्रकाश संनवाल, रमेश चंद्र पंत, अमर शाह मनोज कुमार सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे। उधर पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में भी पौधारोपण आंदोलन जारी रहा।



## NEWS / फटाफट

### हुड़दंग काटना पर्यटकों को पड़ा महंगा, कार्रवाई

नैनीताल । नगर के मल्लीताल बाजार क्षेत्र में हुड़दंग काटना पर्यटकों को महंगा पड़ गया। पुलिस ने 11 पर्यटकों के खिलाफ कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर रात को मल्लीताल बाजार में राजस्थान से घूमने आए युवक चलते हुए हंगामा करने लगे। इस दौरान कई लोगों ने उनको रात को हो हल्ला करने पर टोका लेकिन वह आगे जाकर और ज्यादा हंगामा करने लगे। बीच बाजार हो हल्ला करने पर लोगों ने इसकी सूचना तुरंत कोतवाली पुलिस को सूचित कर दिया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने पर्यटकों को पकड़कर जमकर फ टकार लगाई। कोतवाली के एसएसआई दीपक सिंह बिष्ट ने बताया कि राजस्थान भीलवाड़ा निवासी महिपाल सिंह राठौर, राजू, कमल सिंह, चिराग, अंकुर शर्मा, प्रदीप, बिन्जू शर्मा, अक्षय, राजीव, रणवीर सिंह व विक्रम के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई की गयी है।

### नशे में देर रात काटा हंगामा, पड़ोसी से अभद्रता

नैनीताल । नगर के मल्लीताल क्षेत्र में एक शराबी ने देर रात शराब पीकर पड़ोसी को परेशान कर दिया। शिकायत पर पुलिस व्यक्ति की खोजबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल शेरवानी क्षेत्र में एक व्यक्ति ने शराब पीकर देर रात हंगामा काट दिया। व्यक्ति के हंगामे से परेशान पडोसी ने विरोध जताया तो वह अभद्रता पर उतर आया। जिसके बाद पडोसियों ने पुलिस को फोन पर सूचित किया। पुलिस के पहुंचने पर शराबी व्यक्ति मौके से फ रार हो गया। महिला ने कोतवाली में पहुंचकर शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि मामले में शिकायत के बाद शराबी की खोजबीन की जा रही है।

### नैनीताल में खडक़ सिंह 35 की सेवा के बाद सेवानिवृत

नैनीताल । नेहरु युवा केंद्र नैनीताल में एमटीएस के पद पर सेवारत खडक़ सिंह बिष्ट शुक्रवार को 35 की सेवा के बाद सेवानिवृत हो गए। बिष्ट की सेवानिवृति पर केंद्र में विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सभी अधिकारियों व कर्मियों ने बिष्ट के सेवाकाल की सराहना की गयी तथा उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा उनके दीर्घायु व खुशहाल जीवन की विशेष कामना की गयी। इस मौके पर समारोह को नेहरु युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी डॉल्वी तेवतिया,पूर्व जिला युवा अधिकारी व वर्तमान में यूथ हॉस्टल की वार्डन मुन्नी टोलिया, सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत, वरिष्ठ प्रशासनिक पर्यवेक्षक एच.एस.मेहरा, शैलेंद्र साह, पूर्व पालिका सभासद श्याम सिंह बिष्ट आदि ने संबोधित किया। सभी ने बिष्ट के कार्यकाल की सराहना की। बता दें बिष्ट ने 1 अप्रैल 1990 से लेकर 20 फरवरी 1995 में भोपाल (मध्य प्रदेश) में सेवा की जबकि उसके बाद 24 फरवरी 1995 से लेकर 31 जनवरी 2025 तक नैनीताल नेहरु युवा केंद्र में सेवा की। समारोह में बिष्ट ने अपने कार्यकाल के अनुभवों को भी सांझा किया साथ ही कार्यकाल के अधिकारियों व कर्मियों व शुभचिंतकों की ओर से मिले हर संभव सहयोग के लिए उनका भी विशेष आभार जताया। संचालन एच.एस.मेहरा ने किया।

### दौरान वार्डवासियों के सहयोग के लिए आभार जताया

नैनीताल। नगर पालिका परिषद के तल्लीताल बाजार वार्ड (वार्ड नंबर 15) की निवर्तमान पालिका सभासद प्रेमा अधिकारी ने कहा कि बीते पांच वर्षो के कार्यकाल के दौरान उन्होंने वार्ड की बेहतरी के लिए हर संभव प्रयास किए। कहा कि वार्ड में हुए कार्यो में उन्हें वार्डवासियों समेत जिला प्रशासन व संबंधित विभागीय अधिकारियों का भी हर संभव सहयोग मिला। अधिकारी ने कहा कि रैमजे रोड के निर्माण समेत तल्लीताल बाजार के सौदर्यीकरण तथा तल्लीताल गांधी चौक चौराहे के सौंदर्यीकरण के मामले में आयुक्त, जिलाधिकारी समेत लोनिवि तथा सिंचाई विभाग के अधिकारियों की ओर से बिशेष रुप से दिलचस्पी लेकर विकास कार्यों को अंजाम दिया गया जिसके लिए वह उनका विशेष आभार जताती हैं। अधिकारी ने कहा कि वार्ड में कई अन्य कार्य जो अभी होने बाकी थे किन्हीं कारणों से वह उन्हें पूरा नहीं कर पायी हैं जिसके लिए वह वार्डवासियों से क्षमा याचना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि अब वार्ड की नव निर्वाचित पालिका सभासद गीता उप्रेती वार्ड की समस्याओं और वार्ड के चहुंमुखी विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगी। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान वार्डवासियों की ओर से मिले सहयोग के लिए सभी का विशेष आभार जताया है।

नोट
समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू रजपूत

## घुना गांव में 21 दिवसीय फ्रूट प्रोसेसिंग प्रशिक्षण का शुभारंभ

नैनीताल
हमारे संवाददाता

चेष्टा संस्था के द्वारा जिले के बेतालघाट ब्लॉक के घुना गांव में जिला उद्योग केंद्र हल्द्वानी के सहयोग से 21 दिवसीय फ्रूट प्रोसेसिंग प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान गुना जया देवी ने बताया गया कि विभाग की यह एक अच्छी पहल है जिससे हर कोई महिलाएं अपना रोजगार कर सकती हैं। बताया कि जिला उद्योग केंद्र समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम और प्रशिक्षण गांव पर करता है जिसका सीधा फ़ायदा गांव के लोगों को होता है और उसे उनकी आर्थिकी भी मजबूत होती है जिसके लिए अपने ग्राम सभा गुना से विभाग का और संस्था का धन्यवाद देता है और आग्रह करता है कि इस तरह के प्रशिक्षण आगे भी ग्राम सभाओं में निरंतर किए जाएं इसके लिए वह हमेशा सहयोग देती रहेंगी। इस मौके पर जिला उद्योग केंद्र हल्द्वानी से नीरज सिंह नेगी के द्वारा विभाग की ओर से चलायी जा रही सभी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया, उनके द्वारा प्रतिभागियों को यह भी बताया गया कि इस तरह की ट्रेनिंग के बाद वह अपना काम स्वयं से कर सकते हैं और उसके लिए बैंक और विभाग उनके लिए हमेशा सहयोग के लिए आगे खड़ा है।

रजिस्ट्रेशन समन्वयक चेष्टा संस्था मुकुल कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण के पश्चात भी महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जाएगा उसके लिए हर संभव मदद संस्था और विभाग के द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर दीपा बिष्ट के द्वारा 21 दिवसी प्रशिक्षण दिया जाएगा। उनके द्वारा बताया गया कि परीक्षण के दौरान महिलाओं को आंवला, नींबू, मिर्च, लहसुन तथा अदरक, मिक्स अचार मुरब्बा आदि चीजों के बारे में से बताया जाएगा। इस दौरान तुलसी, दीपा ,नीमा देवी तथा शोभा आदि लोग मौजूद रहे।

## जल को लेकर विस्तार से जानकारी दी

नैनीताल
हमारे संवाददाता



सरोवर नगरी नैनीताल नव सांस्कृतिक सत्संग समिति रामलीला मैदान में नगर पालिका सभासद जितेंद्र कुमार पांडे के सहयोग से यूपीईइस जो कि जी बी पंत नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन एंवरमेन्ट कोशी कटार मल अल्मोड़ा द्वारा देहरादून से आई टीम ने जल के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस मौके पर डॉ मधुवेन शर्मा ने कहा वह जनपद नैनीताल के तमाम झरनों, नदी, तालाब व श्रोत के पानी की जाँच करने आई हैं। उन्होंने कहा पानी पीने योग्य कौन कौन सा है। इस मौके पर छोटे छोटे बच्चों की आर्ट प्रतियोगिता भी आयोजित की गई । जिसमें पानी को किस तरह संचय किया जा सके। सभी प्रतियोगिता बच्चों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर कुमाऊं विश्वविधालय प्रो ललित तिवारी ने कहा सेफ वाटर सेफ हेल्थ जीवन का आदर्श व्याख्य है । उन्होंने बच्चों से कई सवाल किये। प्रॉफ तिवारी ने कहा पानी की बचत करना हम सब का दायित्व बनता है। अगर पानी की बचत नही होगी तो तमाम परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। जल ही जीवन है। एक दिन में कम से कम दो लीटर पानी पीना चाहिए। जल हमारी मूलभूत आवश्यकता है कार्यक्रम में बच्चों द्वारा बनाए गए जल जीवन पर पेंटिंग के विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया तथा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार दिए गए । इस मौके पर नगर पालिका सभासद रमेश प्रसाद, दिनेश जोशी, हरिश पाठक, गोरव जोशी, इंद्र सिंह रावत, कैलाश जोशी, नारायण कार्की, बिजेंद्र सिंह बिजी, बच्ची भाई, श्री राठौर,कृष्णा गोस्वामी, हर्षित जोशी संचालन गणेश लोहनी ने किया।

# अभिमत

## मानसिक असंतुलन

*लगातार तीन बार लोकसभा चुनाव में पराजय और सत्ता नहीं मिलने से कांग्रेस के नेता राहुल गांधी मानसिक संतुलन खोते जा रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा है कि उनकी लड़ाई सिर्फ भाजपा और संघ से नहीं है, बल्कि इंडियन स्टेट (भारतीय राज व्यवस्था) से है। भाजपा ने इसे देश विरोधी मानसिकता करार दिया है। लोकतंत्र में राजनीतिक दल चुनाव के जरिये सत्ता हासिल करते हैं, लड़ाई नहीं करते हैं। किसी देश की राज व्यवस्था से लड़ाई दूसरा देश करता है।*

देश का सबसे पुराना राजनीतिक दल कांग्रेस जनाधार खोता जा रहा है। करीब 140 साल की कांग्रेस को बूढ़ी पार्टी कहा जाने लगा है। वृद्ध होना सम्मान का सूचक होता है। वृद्ध के पास अनुभव की अमूल्य संपदा होती है। राजनीति में उतार-चढ़ाव आता रहता है। करीब 50 साल पहले वर्ष 1975 में इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगाकर अपने अस्तित्व को बचाने का प्रयास किया था। उसके बाद वर्ष 1977 में सत्ता से बेदखल होना पड़ा था, लेकिन इंदिरा गांधी ने हिम्मत से काम लिया और वर्ष 1980 में पुनः सत्ता में वापसी की। वर्ष 2014 में लोकसभा चुनाव में पराजय के बाद कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन बिखर गया। कुछ साल बाद कांग्रेस और दर्जनों अन्य पार्टियों ने इंडिया गठबंधन बनाया। विपक्षी गठबंधन का मकसद सिर्फ और सिर्फ सत्ता हासिल करना रहा है। विपक्षी गठबंधन अब बिखर रहा है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का आम आदमी पार्टी से समझौता नहीं हुआ। जबकि आम आदमी पार्टी विपक्षी गठबंधन का घटक दल है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, महाराष्ट्र में एनसीपी के नेता शरद पवार और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बयान देकर कांग्रेस के साथ गठबंधन से अलग होने की बात कही है, इन नेताओं का कहना है कि विपक्षी गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए था। राज्यों में विधानसभा के चुनाव सभी दल अपने दम पर लड़ रहे हैं। लगातार तीन बार लोकसभा चुनाव में पराजय और सत्ता नहीं मिलने से कांग्रेस के नेता राहुल गांधी मानसिक संतुलन खोते जा रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा है कि उनकी लड़ाई सिर्फ भाजपा और संघ से नहीं है, बल्कि इंडियन स्टेट (भारतीय राज व्यवस्था) से है। भाजपा ने इसे देश विरोधी मानसिकता करार दिया है। लोकतंत्र में राजनीतिक दल चुनाव के जरिये सत्ता हासिल करते हैं, लड़ाई नहीं करते हैं। किसी देश की राज व्यवस्था से लड़ाई दूसरा देश करता है। राहुल गांधी को भारतीय राज व्यवस्था से लड़ने के बारे में कतई नहीं सोचना चाहिए। कांग्रेस द्वारा बनाये गये विपक्षी गठबंधन को बिखरने से बचाने का प्रयास करना चाहिए। सच यह है कि राहुल गांधी में विपक्षी दलों का नेतृत्व करने की क्षमता नहीं है, इसके बाद भी वह प्रधानमंत्री बनकर देश का नेतृत्व करने की सोच रहे हैं। देश और जनहित में कार्य करने पर ही चुनाव में सफलता मिलेगी।

# सौंदर्यीकरण: फड़ व्यवसायियों को किया स्थानांतरित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नगर के चर्चित पंत पार्क में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य के कारण फड़ व्यवसायियों को अस्थायी रूप से अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया गया है।

बता दें कि नगर पालिका प्रशासन की ओर से पंत पार्क से नगर पालिका कार्यालय तक दुकानें लगाई गई हैं ताकि व्यवसायियों को कोई असुविधा न हो और उनका व्यवसाय सुचारू रूप से चलता रहे। इस कार्य के तहत कुल 121 व्यवसायियों में से 48 लोगों ने अपना सत्यापन कराया जिसके बाद इन 48 व्यवसायियों को दुकानें लगाने की अनुमति दी गई। मामले में नगर पालिका के ईओ दीपक गोस्वामी ने बताया पंत पार्क में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य के कारण फ ड़ व्यवसायियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। हमारी कोशिश है कि इस प्रक्रिया से किसी को भी परेशानी न हो और सभी व्यवसायी अपने काम को बिना रुकावट के जारी रख सकें। इस कदम से यह सुनिश्चित किया गया है कि सौंदर्यीकरण कार्य बिना किसी व्यवधान के पूरा हो और व्यवसायियों को भी अपना काम जारी रखने का अवसर मिले। दूसरी ओर शुक्रवार को फड़ कारोबारियों ने अपना नाम पालिका के कर्मचारियों को दर्ज कराया इस दौरान खुफिया विभाग के कर्मी भी फड़ कारोबारियों से जानकारी लेते देखे गए। बता दें कि गुरुवार की शाम को पंत पार्क में फड़ हटाने को मामले को लेकर जमकर हंगामा किया था लेकिन बाद में जिला प्रशासन के अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद वह जैसे-तैसे माने थे।

## नगर में नए साइनबोर्ड लगाने का काम जारी

**नैनीताल ।** नगर में नए साइनबोर्ड लगाने का काम जारी है। शुक्रवार को तल्लीताल गांधी चौक पर एक नया साइन बोर्ड लगाया गया है जो क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे मॉल रोड, कैंची धाम तथा अल्मोड़ा और मुक्तेश्वर की दिशा को स्पष्ट रूप से दर्शा रहा था। बता दें कि यह साइनबोर्ड लोनिवि की ओर से लगाए जा रहे हैं जिसका उद्देश्य शहर के विभिन्न पर्यटन स्थलों को जोड़ना और मार्गदर्शन की सुविधा प्रदान करना है। सहायक अभियंता जी.एस. जनौटी ने बताया कि इस प्रकार के साइनबोर्ड्स से पर्यटकों को सही दिशा मिल सकेगी और वे आसानी से अपने मनपसंद स्थलों तक पहुंच सकेंगे।

## पंगूट -देचौरी मोटरमार्ग निर्माण की भी घोषणा अब तक अधर में लटकी



**नैनीताल ।** भाजपा के युवा नेता व समाजसेवी लाल सिंह बिष्ट ने कहा है कि सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से 10 अप्रैल 2023 को पंगूट -देचौरी मोटरमार्ग निर्माण की भी घोषणा की थी। अब समस्त क्षेत्रीय जनता को आश लगीं है वर्षो पुरानी मांग हमारी पूरी हो जायेगी।

बिष्ट ने कहा कि लेकिन अभी मार्ग निर्माण के लिए विभाग को धनराशि उपलब्ध नहीं हुई है। कहा कि मार्ग निर्माण से नैनीताल आने जाने वाले यात्रियों को भी एक वैकल्पिक मार्ग की उपलब्धता होगी, मार्ग बन जाने से नैनीताल से कोटाबाग की दूरी 39 किमी, रामनगर की 65 किमी जबकि कालाढूंगी 51 किमी हो जाएगी।

# कुलपति ने डीएसबी में कार्यरत पुष्पा मैठाणी को शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में शुक्रवार को गृह विज्ञान विभाग में कार्यरत कर्मी पुष्पा मैठाणी को सेवा अधिवर्षता आयु पूर्ण करने पर कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने सम्मानित किया। इस विशेष मौके पर पुष्पा मैठाणी को शॉल ओढ़ाकर तथा प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. रावत ने कहा कि ये तो नियम ही है कि कोई भी अधिकारी व कर्मी एक निश्चित सेवा अवधि पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत होता है। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान वह शिक्षण संस्थान का नाम भी आगे बढ़ाते हैं, उन्होंने कर्मी पुष्पा मैठाणी को धन्यवाद दिया कि उन्होंने विवि की 33 वर्ष तक सेवा की। इस दौरान परिसर के अन्य सभी अधिकारियों व कर्मियों ने पुष्पा मैठानी के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके दीर्घायु की कामना की। विदाई समारोह के बाद कुलपति प्रो.रावत ने परिसर के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस मौके पर परिसर की निदेशक प्रो.नीता बोरा शर्मा,प्रभारी अधिष्ठाता छात्र कल्याण व निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय प्रो. ललित तिवारी, विभागाध्यक्ष होम साइंस प्रो. लता पांडे समेत प्रकाश पाठक, दिनेश चंद्र,नवल किशोर बिनवाल ने भी विचार रखे। संचालन डीएसबी परिसर शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गणेश सिंह बिष्ट ने किया। इस दौरान एई संजय पंत, जेई अतुल कुमार, सी. बी. जोशी, मीनू साह, नंदा बल्लभ पालीवाल, गायत्री, राजेंद्र ढैला, डी. एस. बिष्ट, कुंदन तथा गणेश समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## फिल्मी दुनिया

# रक्त ब्रह्मांड में सामंथा का दिखेगा एक्शन अवतार



*राज एंड डीके की सीरीज 'रक्त ब्रम्हांड' में सामंथा रुथ प्रभु एक बार फिर अपने एक्शन अवतार में नजर आएंगी। सामंथा इस सीरीज में आदित्य रॉय कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। सामंथा रुथ प्रभु एक्शन थ्रिलर 'सिटाडेल हनी बनी' के बाद एक बार फिर एक्शन अवतार में नजर आने वाली हैं। अभिनेत्री 'रक्त ब्रह्मांड द ब्लडी किंगडम' में एक बार फिर एक्शन के साथ लौट रही हैं। इस फिल्म में अभिनेत्री बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। इस सीरीज के निर्देशन की कमान 'तुम्बाड' फेम राही अनिल बर्वे ने संभाली है। इसे फैमिली मैन और सिटाडेल के निर्माता राज और डीके ने निर्मित किया है। तेलुगु 123 के मुताबिक, आदित्य रॉय कपूर और सामंथा एक साथ नजर आएंगे। अभिनेत्री सिटाडेल के बाद एक बार फिर एक्शन करते हुए नजर आ सकती हैं। लेटेस्ट अपडेट के मुताबिक हाल ही में आदित्य रॉय कपूर ने 'रक्त ब्रह्मांड' का एक्शन से भरपूर पहला शेड्यूल पूरा किया है। कहा जा रहा है कि इस हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर में अपनी भूमिका के लिए उन्होंने तलवारबाजी, हथियार चलाने और मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग ली। रक्त ब्रम्हांड के स्टार कास्ट की बात करें तो आदित्य और सामंथा के अलावा 'मिर्जापुर' फेम अली फजल वामिका गब्बी और अन्य भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह सीरीज इसी साल नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।*

## लीड रोल में नजर आएंगे आदित्य

*राज एंड डीके की इस बहुप्रतीक्षित सीरीज में आदित्य रॉय कपूर लीड रोल निभाएंगे। आदित्य के सीरीज में लीड एक्टर के तौर पर एंट्री होने के बाद करण जौहर ने उनकी तारीफ करते हुए एक्टर और डायरेक्टर की जोड़ी कमाल बताया। हाल ही में आदित्य ने भी एक इंटरव्यू में निर्माताओं के साथ काम करने के अनुभवों को साझा किया। दूसरी ओर इस सीरीज का फैंस बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं।*

# स्वामी रामभद्राचार्य और सतुआ बाबा से मिले सीएम

**प्रयागराज**

**एजेंसी**

प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर श्रद्धालुओं का आना और पवित्र डुबकी लगाना जारी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया। 77 देशों के मिशन प्रमुखों, उनकी पत्नी और राजनयिकों सहित 118 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल प्रयागराज पहुंच गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद महाकुंभ मेला क्षेत्र में भीड़ और यातायात का जायजा लिया। फिर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ महाकुंभ मेले में पहुंचे। त्रिवेणी संगम घाट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वामी रामभद्राचार्य और सतुआ बाबा से मुलाकात की। मौनी अमावस्या पर हुए हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को प्रयागराज पहुंचे। भीड़, प्रबंधन, बैरिकेडिंग, अखाड़ा मार्ग आदि का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों से व्यवस्थाओं के बारे में चर्चा की। वसंत पंचमी के मौके पर किसी श्रद्धालु को कोई दिक्कत न हो इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।



## News कॉर्नर

### शनि मंदिर का 22वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**नैनीताल ।** नगर के ठंडी सड़क स्थित शनि मंदिर का 22वां स्थापना दिवस समारोह शनिवार (आज) धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर के व्यवस्थापक हेम चंद्र जोशी के मुताबिक ब्रह्म मुहूर्त में शनि स्नान केबाद पंचांगी कर्म, पूजन हवन और सुंदरकांड का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालु इस धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेकर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। उसके बाद मंदिर परिसर में अपराह्न दो बजे से विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। जोशी के मुताबिक धार्मिक अनुष्ठानों का नेतृत्व आचार्य पंडित भगवती प्रसाद जोशी करेंगे जबकि मुख्य यजमान वरिष्ठ वनाधिकारी प्रो.कपिल जोशी होंगे। जोशी ने सभी भक्तजनों से कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की गुजारिश की है।

### यातायात नियमों का उलंघन करने वालों पर पुलिस सख्त

**नैनीताल ।** नगर की शान समझी जाने वाली मॉल रोड पर बीती शाम बाइक की टक्कर से व्यक्ति के चोटिल होने के बाद यातायात पुलिस चौकन्नी हो गई है। पुलिस ने अभियान चलाकर यातायात नियमों का उलंघन करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। बता दें कि बीती शाम मॉल रोड पर एक टैक्सी बाइक की टक्कर से व्यक्ति चोटिल हो गया था। लोगों के हंगामे के बाद पुलिस ने बाइक भी कब्जे में ले ली थी। जिसके बाद शुक्रवार को यातायात पुलिस भी हादसे लो लेकर गंभीर नजर आई। यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर तेज बाइक दौडने, बिना हेलमेट तथा विपरीत दिशा व ट्रिपल राइडिंग करने वाले 13 लोगों के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की। टीएसआई हरीश सिंह फर्त्याल ने बताया कि अभियान लगातार चालाया जाएगा।

# एसटीएच में 200 प्रकार की जांचों में करीब 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होगी

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में इलाज कराने वाले मरीजों के लिए एक अहम खबर है। अस्पताल की केन्द्रीय लैब में होने वाली लगभग 200 प्रकार की जांचों की दरों में करीब 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होने जा रही है। यह बदलाव चिकित्सा शिक्षा के अधीन सभी अस्पतालों में जांचों की दरों को सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (सीजीएचएस) के बराबर करने के शासन के निर्देशों के बाद किया जा रहा है।



### जांच दरों में वृद्धि का कारण

शासन के नए निर्देशों के अनुसार, अब सभी सरकारी अस्पतालों में जांचों की दरें सीजीएचएस की रेट लिस्ट के अनुसार होंगी। इसी के चलते एसटीएच की केन्द्रीय लैब में भी दरों को रिवाइज किया जा रहा है। एसटीएच में पैथोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री और माइक्रोबायोलॉजी विभागों के अंतर्गत 200 से अधिक प्रकार की जांचें होती हैं, जिनमें से ज्यादातर की दरों में 30 प्रतिशत या उससे अधिक की वृद्धि होने की संभावना है।

*दरों में वृद्धि सीजीएचएस के मानकों के अनुरूप है और इससे अस्पताल की सेवाओं में सुधार होगा। उनका कहना है कि बढ़ी हुई दरों से जुटाए गए राजस्व का उपयोग मरीजों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने में किया जाएगा।*
***-एसटीएच प्रशासन, हल्द्वानी***

### पड़ेगा अतिरिक्त बोझ

जांच दरों और अन्य शुल्कों में हुई इस वृद्धि से मरीजों पर आर्थिक बोझ बढ़ना तय है। हालांकि, अस्पताल प्रशासन का कहना है कि यह बदलाव शासन के निर्देशों के अनुसार किया गया है और इसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना है।

### अन्य शुल्क में भी बदलाव

जांच दरों के साथ-साथ एसटीएच में अन्य शुल्कों में भी बदलाव किया गया है। अब अस्पताल में पर्चा बनवाने का शुल्क 5 रुपये से बढ़कर 20 रुपये हो गया है, जबकि भर्ती का पर्चा 50 रुपये का बनेगा। इसके अलावा, एंबुलेंस का किराया भी बढ़ाया गया है, जिसके तहत 200 किलोमीटर के बाद प्रति किलोमीटर 20 रुपये किराया लगेगा। जरूरतमंद मरीजों के लिए यह बदलाव काफी मुश्किल साबित हो सकता है।

# उत्तराखंड की पुरुष और महिला बैडमिंटन टीमों ने रचा इतिहास

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड की पुरुष और महिला बैडमिंटन टीमों ने 38वें राष्ट्रीय खेल 2025 के फाइनल में प्रवेश कर इतिहास रच दिया है, जिससे राज्य के लिए कम से कम दो रजत पदक सुनिश्चित हो गए हैं। यह उपलब्धि उत्तराखंड को भारतीय बैडमिंटन में एक उभरती हुई ताकत के रूप में स्थापित करने का संकेत देती है।उत्तराखंड ने असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए राजस्थान को 3-1 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। देहरादून के मुख्य स्थान कोर्ट 1 पर खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में चिराग सेन, चयणित जोशी, ध्रुव रावत और ध्रुव नेगी ने अहम जीत दर्ज की, जबकि राजस्थान की टीम ने कड़ा संघर्ष किया लेकिन अंततः हार गई।महिला टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए असम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इशारानी बरुआ (असम) ने स्नेहा



राजवत (उत्तराखंड) को 21-10, 21-8 से हराया, लेकिन अदिति भट्ट (उत्तराखंड) ने शानदार वापसी करते हुए शांतिप्रिया हजारिक (असम) को 16-21, 21-12, 21-13 से मात देकर उत्तराखंड को चैंपियनशिप मुकाबले में पहुंचाया। इस उपलब्धि के साथ, उत्तराखंड की टीम ने कम से कम दो रजत पदक पक्के कर लिए हैं, जो राज्य के बैडमिंटन इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण है।हालांकि, दोनों टीमें स्वर्ण पदक जीतने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और फाइनल में कोई कसर नहीं छोड़ेंगी। मैच के बाद एक टीम प्रतिनिधि ने कहा, फाइनल में पहुंचना हम सभी के लिए गर्व की बात है, लेकिन हमारा लक्ष्य यहीं नहीं रुकता। हम उत्तराखंड के लिए स्वर्ण पदक जीतने पर पूरा ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। फाइनल मुकाबले बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है, और पूरा उत्तराखंड अपने खिलाड़ियों के समर्थन में खड़ा है। राज्य की टीम अब अपने नाम स्वर्णिम इतिहास दर्ज कराने और 38वें राष्ट्रीय खेलों में गौरव हासिल करने के लिए पूरी ताकत झोंकने को तैयार है।

# पूर्वानुमानः आज पहाड़ों में हल्की बारिश की संभावना

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून के ऊंचाई वाले इलाकों के साथ ही दो जिलों में हल्की बारिश के आसार हैं।

प्रदेश के पर्वतीय जिलों में आज (शनिवार) हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून के ऊंचाई वाले इलाकों के साथ उत्तरकाशी और चमोली जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश के आसार हैं। हालांकि अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मैदानी इलाकों में मौसम साफ होने से दिन के सामान्य तापमान में तीन से चार डिग्री का इजाफा देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को देहरादून का अधिकतम तापमान चार सामान्य से डिग्री इजाफे के साथ 25 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। हालांकि, रात का न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री के साथ सामान्य रहा। ऐसा ही हाल अन्य जिलों का भी रहा।



# 38 वें राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत खेल प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

38 वें राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत शुक्रवार को हल्द्वानी में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई।

अंतराष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार में तैराकी फुटबॉल, खो-खो स्पर्धा सम्पन्न हुई। आयोजित खेल स्पर्धाओं के मौके पर मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार में मंत्री खेल,महिला एवं युवा कल्याण,खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति रेखा आर्या उपस्थित रही। खेल मंत्री द्वारा गोलापार स्टेडियम में आयोजित तैराकी,खो-खो आदि खेलों का आनंद लिया व खिलाड़ियों का उत्साह वर्द्धन किया। खेलमंत्री ने सभी खेल प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी तथा विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी। इस दौरान मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य में 38 वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन में खेलों की सुविधाओं को बढ़ाया गया है,जिसका लाभ यहां के युवाओं को मिलेगा,और हमारा राज्य इस क्षेत्र में आगे बढ़ेगा। खेल मंत्री आर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जिस प्रकार उत्तराखंड देव भूमि है,वह अब खेल भूमि भी बनने जा रही है निश्चित रूप से उस परिकल्पना को आने वाले समय में हम साकार करेंगे यहां के युवा खेल की दुनिया में विश्वभर में अपना नाम रोशन करेंगे। इस दौरान खेल मंत्री द्वारा तैराकी स्पर्धा के विजेता प्रतिभागियों को मैडल प्रदान किए। तथा प्रतिभागियों व विभिन्न फैडरेशन के सदस्यों से यहाँ की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली,सभी के द्वारा यहाँ की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए प्रशन्नता व्यक्त की। इस दौरान माननीय मंत्री द्वारा सभी खेल प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। यहां विभिन्न प्रदेशों से आए खेलों से जुड़े अधिकारी, प्रशिक्षक, खिलाड़ी, दर्शक आदि मौजूद रहे।



### साक्षात्कार के लिए 46 अभ्यर्थियों का चयन

**नैनीताल।** जिला सेवायोजन कार्यालय ने नैनीताल क्लब में शुक्रवार को रोजगार मेले का आयोजन किया। जिसमें 46 अभ्यर्थियों को दूसरे चरण के साक्षात्कार के लिए चयनित किया गया। बता दें कि शुक्रवार को जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से एनटीटीएफ इंटेन कंपनी लिमिटेड ने स्टूडेंट ट्रेनी पद के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया। मेले में 83 अभ्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें से 46 अभ्यार्थियों को दूसरे चरण के साक्षात्कार के लिए चयनित किया गया है।

# वनों की आग से सुरक्षा को लेकर गोष्ठी का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल वन प्रभाग के तहत समीपवर्ती खुर्पाताल अनुभाग के मंगोली वन बीट के पंचायत घर खमारी में मनोरा वन रेंज के अधिकारियों व कर्मियों की ओर से वनों की आग से सुरक्षा को लेकर जनजागरुकता अभियान के क्रम में ग्रामीणों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने ग्रामीणों को बताया कि दैनिक जीवन में वनों का हमारे लिए काफी महत्व है,वनों को बचाने के लिए हमें सामूहिक प्रयास करने होंगे।

कहा कि अक्सर गर्मियों के दिनों में लोगों की ओर से वनों में आग लगा दी जाती है जो बेहद चिंता का विषय है,वनों में आग लगने से न केवल वनों को अपितु वन्य प्राणियों को भी नुकसान पहुंचता है,ऐसी स्थिति में ग्रामीणों का दायित्व बनता है वह वनों को आग से बचाने के लिए वन विभाग को हर संभव सहयोग दें।

उन्होंने कहा कि वनों को आग से बचाने में ग्रामीण महिलाएं अपना अहम योगदान दे सकती हैं क्यों कि गांव में कृषि संबंधी कार्य ग्रामीण महिलाओं पर भी निर्भर होते हैं। गोष्ठी में वन दरोगा रणजीत सिंह थापा,वन बीट अधिकारी शिव सिंह,बीट वाचर आनंद सिंह नेगी, भीमताल ब्लॉक से पीआरपी शकुंतला नेगी एवं खैरा देवी तथा महिला ग्राम संगठन की महिलाओं द्वारा गोष्ठी में प्रतिभाग किया गया।

# यूओयू के पर्यावरण विज्ञान के शिक्षार्थियों ने किया हिमालयन बोटेनिकल गार्डन का भ्रमण

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के वानिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग में परास्नातक स्तर पर एमएससी0 (पर्यावरण विज्ञान), एम.ए. (पर्यावरण अध्ययन) एवं स्नातक स्तर पर बी.एससी. में वानिकी विषय का संचालन किया जाता है।

भौमिकी एवं पर्यावरण विज्ञान के निदेशक प्रोफेसर पी0 डी0 पंत ने बताया कि मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा पद्धति में पर्यावरण विज्ञान एवं वानिकी जैसे विषयों की गुणवत्ता को बनाए रखने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों के लिए विशिष्ट परामर्श सत्रों का आयोजन किया जाता है ताकि शिक्षार्थियों का न केवल सैद्धांतिक ज्ञान वर्धन हो अपितु वह प्रयोगशाला में सैद्धांतिक ज्ञान का समुचित परीक्षण भी



कर सकें। इन उद्देश्यों की पूर्ति हेतु इन दिनों विश्वविद्यालय के वानिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा विश्वविद्यालय स्थित विज्ञान भवन में प्रयोगशाला परामर्श सत्रों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सैद्धांतिक परामर्श सत्रों के साथ-साथ प्रयोगात्मक एवं क्षेत्रीय अध्ययन परामर्श सत्र भी शामिल है। विभाग के कार्यक्रम समन्वयक डा. एच.सी. जोशी ने बताया कि पहले चरण में एम0एससी0 (पर्यावरण विज्ञान) के प्रथम सेमेस्टर के शिक्षार्थियों हेतु परामर्श सत्रों का आयोजन दिनांक 25 जनवरी से आरम्भ हो गया है और यह दिनांक 1 फरवरी को प्रयोगात्मक परीक्षा के बाद सम्पन्न होगा। इस सत्र में उत्तराखंड समेत हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली आदि राज्यों से लगभग 40 शिक्षार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं। हिमालयन बोटेनिकल गार्डन में वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद तिवारी द्वारा हिमालयन बोटेनिकल गार्डन में स्वागत करते हुए वहां शिक्षार्थियों को एक्स-सिटू कन्जर्वेशन की विभिन्न पद्धतियों से अवगत कराया गया। इस दौरान बीट अधिकारी अरविंद कुमार, कु. नेहा कापड़ी, संतोष सिंह द्वारा शिक्षार्थियों को विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों, संग्रहालय, कैक्टसगार्डन, बटरफ्लाई पार्क, फर्न्स एवं आर्केडियम आदि का भ्रमण कराते हुए विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। अन्त में डॉ. प्रीति पंत द्वारा विश्वविद्यालय की ओर से सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस दौरान डॉ. दीप्ति नेगी, डॉ. खष्टी डसीला एवं शिक्षार्थी उपस्थित थे।